HIN1A01b - Leçons 20 et 26
(Les constructions indirectes, le possessif réfléchi [révision])

Exercices / अभ्यास : Corrigé-type

Complétez suivant le modèle :

I - 1 < किसी को कुछ आना : क्या . . . . **(आना) ?** Ex. (आप / हिन्दी लिखना)
→ क्या आपको हिन्दी लिखना आता है ?

१) क्या तुमको/तुम्हें हिन्दुस्तानी चाय बनाना आता है ?
२) क्या इस लड़के को गाड़ी चलाना आता है ?
३) क्या तुम्हारे पिता को अंग्रेज़ी आती है ?
४) क्या उसके छोटे भाई को ताश खेलना आता है ?
५) क्या आपकी बहनों को नाचना आता है ?

I – 2 < किसी को कुछ न आना Ex. (मैं / जापानी) → मुझे/मुझको जापानी नहीं आती ।

१) हम लोगों को हिन्दी लिखना नहीं आता ।
२) इन विदेशी छात्रों को साइकल चलाना नहीं आता ।
३) उन सरकारी कर्मचारियों को चाय बनाना नहीं आता ।
४) मेरे छोटे भाइयों को फ़ुटबॉल खेलना नहीं आता ।
५) हिन्दी की इन नई छात्राओं को साड़ी पहनना नहीं आता ।

II – < किसी को किसी चीज़ में/कुछ करने में दिलचस्पी होना : क्या . . . . **में दिलचस्पी है ?**
Ex. (तुम / ताश खेलना) → क्या तुम्हें/तुमको ताश खेलने में दिलचस्पी है ?

१) क्या इन छात्राओं को शास्त्रीय संगीत सीखने में दिलचस्पी है ?
२) क्या उन विदेशी टूरिस्टों को भारत के इतिहास में दिलचस्पी है ?
३) क्या तुम्हारे छोटे भाइयों को ताश खेलने में दिलचस्पी है ?
४) क्या हिन्दी के सभी छात्रों को बॉलीवुडवाली फ़िल्मों में दिलचस्पी है ?
५) क्या हमारे पड़ोसी के बावरची के छोटे बेटे को चाय बनाने में दिलचस्पी है ?

III - < किसी को कोई/कुछ अच्छा लगना : Ex. (मैं / हिन्दुस्तानी खाना)
→ मुझे/मुझको हिन्दुस्तानी खाना अच्छा लगता है ।

१) इन छात्राओं को हिन्दी फ़िल्में देखना अच्छा लगता है ।
२) हम लोगों को पुराने मन्दिर देखना अच्छा लगता है ।
३) नई अध्यापिकाओं को फ़्रांसीसी फ़िल्में अच्छी लगती हैं ।
४) कई विदेशी छात्रों को बाज़ार में घूमना अच्छा लगता है ।
५) मेरे पिताजी को मुहम्मद रफ़ी की ग़ज़लें अच्छी लगती हैं ।

IV - किसी को कोई/कुछ पसन्द होना : Ex. (मैं / सुबह पार्क में घूमना)
→ मुझे/मुझको सुबह पार्क में घूमना बहुत पसन्द था ।

१) मेरी बड़ी बहनों को साड़ी पहनना बहुत पसन्द था ।
२) नए छात्रों को होस्टल में रहना बहुत पसन्द था ।
३) राम के छोटे भाई को हिन्दुस्तानी संगीत बहुत पसन्द था ।

४) इन कर्मचारियों को शेर सुनाना बहुत पसन्द था ।
५) मेरे भाई को लता के गाने बहुत पसन्द थे ।

V - किसी को मालूम होना / Traduisez en hindi :

Ex. Je sais → मुझे ou मुझको मालूम है ।

1) मुझे/मुझको तो मालूम था !
2) तुम्हें/तुमको भी मालूम था, न ?
3) क्या किसी को पता/मालूम है ?
4) किसी को (भी) मालूम नहीं था !
5) क्या उसके भाइयों को पता/मालूम था ?
6) (शायद) मेरी बहनों को (शायद) मालूम था (शायद) ।
7) उस/इस लड़के को कुछ भी नहीं मालूम !
8) कई कर्मचारियों को मालूम था ।
9) हम को भी/हमें भी/ हम लोगों को भी मालूम नहीं था ।
10) हिन्दी के सब/सभी छात्रों को मालूम है ।

VI – Complétez :

१) उसने मेरे समोसे अपनी बहन को क्यों दिए/दिए हैं ?

२) तुमने मुझे/मुझको अपना फ़ोन-नंबर (तो) दिया/दिया है लेकिन मेरा लिखना (तो) भूल गए/भूल गए हो !

३) पड़ोसियों को सुनकर कुत्ता ज़ोर से भौंकने लगा ।

४) वह अपनी बहन और इसकी सहेलियों के साथ बाज़ार जाना/चलना चाहता था लेकिन उसकी बहन नहीं चाहती थी कि वह उनके साथ चले ।

५) - क्या तुम मुझे आज शाम के लिए अपनी घड़ी ज़रा दे सकती हो/दोगी ? मेरी/मेरी वाली पिछले हफ़्ते से ख़राब है ।

६) – मैं इसे तुम्हें/तुमको क्यों दूँ , क्या तुमने मुझे/मुझको कभी कुछ दिया ? (क्या कभी मुझे कुछ दिया है तुमने ?)

७) वाह ! आज (भी) तुम अपनी किताब (फिर से) नहीं लाईं (लाई हो) ! कल भी तुम इसे लाना भूल गई थीं । मैं तुम्हारे माता-पिता को बताऊँ ?

८) हमारी पड़ोसिन को गाड़ी चलाना सीखने का मौक़ा नहीं मिला था इसलिए वह चाहती थी कि उसकी बेटियाँ सीखें/सीख लें ।